ISSN: 2395-7852



# International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management (IJARASEM )

Volume 10, Issue 1, January 2023

INTERNATIONAL STANDARD SERIAL NUMBER INDIA

IMPACT FACTOR: 6.551

International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management (IJARASEM)

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 1, January 2023 |

# 'वीर चक्र' से सम्मानित-अभिनन्दन वर्धमान

**BHAGWATI PRASAD SONEL**

Acharya Shri Mahapragya Institute Of Excellence, Affiliated To Mds University, Ajmer, Recognized By Ncte, New Delhi And Government Of Rajasthan, Mahapragya Nagar, Asind-311301, Distt. Bhilwara, Rajasthan, India

सार

अभिनन्दन वर्धमान (जन्म १९८३) भारतीय वायु सेना के अधिकारी है।[1][2] वे सम्प्रति ग्रुप कैप्टन के पद पर हैं और मिग -21 बाइसन के पायलट हैं। [3] [4] भारतीय विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि मिग -21 बाइसन फाइटर प्लेन 2019 के भारत-पाकिस्तान गतिरोध के दौरान भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद और पाकिस्तानी वायुसेना के विमान से उलझने के बाद एक भारतीय पायलट इस कार्यवाही में लापता है। [5] उन्हें हाई शॉट एंगेजमेंट में एक पीएएफ एफ 16 को नीचे गिराने वाले किल शॉट का श्रेय दिया जाता है।

साउथवेस्टर्न लॉ स्कूल के राहेल ई वनलैंडिंघम ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के अपमान के इरादे से सोशल मीडिया पर अभिनन्दन वर्तमान का एक वीडियो पोस्ट करके जिनेवा सम्मेलनों के अनुच्छेद 13 का उल्लंघन किया। [6]

अभिनन्दन वर्तमान को पाकिस्तान द्वारा 1 मार्च, 2019 को भारतीय समय के अनुसार रात्रि 9:20 बजे भारत-पाकिस्तान सीमा स्थिति वाघा सीमा पर छोड़ दिया गया ।भारत सरकार द्वारा इन्हे 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया

## परिचय

भारत के जांबाज सैन्य अफसर अभिनंदन वर्धमान को लेकर पाकिस्तानी सांसद अयाज सादिक के ताजा खुलासे से साफ हो गया है कि पड़ोसी देश ने भारतीय विंग कमांडर को पकड़ भले लिया था, लेकिन भारत के कड़े तेवर व हमले के भय से उसके हौसले दो दिन में ही पस्त हो गए थे। सादिक ने पाक संसद में खुलासा किया कि इमरान खान सरकार ने फरवरी 2019 में भारतीय पायलट अभिनंदन को इसलिए रिहा कर दिया था क्योंकि उन्हें डर था कि भारत हमला कर देगा। सादिक ने बताया कि विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी ने उस दौरान हुई उच्च स्तरीय बैठक में बताया कि अगर वर्धमान को नहीं छोड़ा गया तो भारत हमला कर देगा। इस बैठक में इमरान खान ने आने से इनकार कर दिया था। अयाज ने बताया कि उस बैठक में कुरैशी के पैर कांप रहे थे, वे सभी को यह कहकर डरा रहे थे कि अगर अभिनंदन को नहीं छोड़ा तो भारत रात नौ बजे हमला कर देगा। जबकि वास्तव में ऐसा कुछ होने वाला नहीं था।[1,2]

दो दिन कब्जे में रहे थे अभिनंदन

27 फरवरी 2019 को सुबह 10 बजे के करीब भारतीय वायु सेना की रडार ने पाकिस्तानी विमानों को जम्मू-कश्मीर से सटे भारतीय क्षेत्र की तरफ आते देखा। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों मिग 21 बाइसन, सुखोई-30 एमकेआई और मिराज-2000 को उन्हें घेरने की जिम्मेदारी दी गई।

अभियान के दौरान भारतीय वायु सेना का एक मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसे उड़ा रहे विंग कमांडर अभिनंदन सुरक्षित बाहर कूद गए, लेकिन उनका पैराशूट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चला गया।

बैठक में कांप रहे थे कुरैशी के पैर

रहमान पहुंचा था पानी का जग लेकर

जिस जगह पर अभिनंदन का विमान क्रैश हुआ था, वह इलाका पाकिस्तानी सीमा से चार किमी की दूरी पर था। आस-पास रहने वाले गांव के लोगों को यह पता चल गया था कि कोई फौजी पैराशूट लेकर आसपास गिरा है। तभी अब्दुल रहमान ने (गांव का एक

निवासी) एक जग भर कर पानी लिया और उस तरफ भागा, जिधर पैराशूट नीचे आता दिखा था।

अब्दुल रहमान ने बताया कि उसने अभिनंदन को वहां देखा और अभिनंदन ने मुझे देखते ही पिस्तौल बाहर निकाल ली और पूछा कि ये हिंदुस्तान है या पाकिस्तान? मैंने कहा पाकिस्तान, तो उसने पूछा कि पाकिस्तान में कौन-सी जगह, तो मैंने यूं ही कह दिया किला है। इसके बाद वहां और गांव के लोग इकट्ठा होने लगे। अभिनंदन ने जैसे लोगों को आते देखा तो उसने अपनी जेब से एक कागज निकाला और उसे निगल लिया। अभिनंदन ने एक और कागज निकाला लेकिन बड़ा होने के कारण उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में फाड़ दिया और पहाड़ी की ओर भागने लगा।[3,4]

दो दिन कब्जे में रहे थे अभिनंदन

कुछ ग्रामीणों ने फेंके पत्थर
इसके बाद कुछ गांव वालों ने उनके ऊपर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए, अभिनंदन एक बरसाती नाले में गिर गए और पानी पीने लगे। तभी वहां पाकिस्तानी फौज आ गई और अभिनंदन को पकड़ लिया गया।

इमरान ने संसद में की थी घोषणा
अपने जांबाज सैन्य अफसर की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत के चौतरफा दबाव और हमले की तैयारी से पस्त हुए पाक पीएम इमरान खान ने अगले दिन पाक संसद में एलान किया कि अभिनंदन को भारत को सौंप दिया जाएगा।

सीमा पर गांव के लोगों से बचकर भागे अभिनंदन

सीना तान कर लौटे थे
पाकिस्तान ने ससम्मान अभिनंदन की रिहाई हुई। उन्हीं कड़ी सुरक्षा के बीच पाक सैन्य अफसर वाघा सीमा चौकी तक छोड़ने आए थे। यहां भारतीय अफसरों ने उनकी अगवानी की। उस वक्त वाघा-अटारी सीमा से अभिनंदन को सीना तानकर आते हुए जिन लोगों ने देखा था वे भाव-विभोर हो गए थे। वह कभी न भूलने वाले मंजरों में से एक था।

अटारी बॉर्डर पर जुटे थे लोग

विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी की वजह से बीएसएफ ने शाम को होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह को भी रद्द कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी बड़ी संख्या में लोग वहां मौजूद थे। कई लोगों ने भारत का राष्ट्रीय झंडा थामा हुआ था। कई लोग ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे थे और लगातार नारे बाजी कर रहे थे।

अटारी सीमा पर मौजूद रहे अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर शिवदुलार सिंह ढिल्लों ने बताया कि जब विंग कमांडर अभिनंदन भारतीय सीमा में दाखिल हुए तो 'उनकी आंखों में वो खुशी थी, अपने वतन वापस होने की, वो बयान नहीं की जा सकती। [5,6]

विंग कमांडर अभिनंदन ने कहा अपने देश आकर बहुत अच्छा लग रहा है। भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल आरजीके कपूर भी वाघा-अटारी सीमा पर मौजूद थे।

पाकिस्तान ने जारी किया था वीडियो

उधर, पाकिस्तान में विंग कमांडर अभिनंदन को विमान के जरिए इस्लामाबाद से लाहौर ले जाया गया। उन्हें वाघा-अटारी सीमा पर लाए जाने के पहले पाकिस्तान की ओर से एक वीडियो जारी किया गया। इस वीडियो में विंग कमांडर अभिनंदन को कहते दिखाया गया है, 'पाकिस्तानी सेना प्रोफेशनल सर्विस है। जिसने उन्हें लोगों से बचाया। प्राथमिक उपचार दिया और अस्पताल में जांच कराई।

रात नौ बजे के करीब पाकिस्तानी सेना की गाड़ियों का काफिला भारतीय विंग कमांडर को लेकर वाघा-अटारी सीमा पर पहुंचा। विंग कमांडर अभिनंदन के साथ पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की अधिकारी फारेहा बुट्टी भी आईं थीं। उन्होंने विंग कमांडर अभिनंदन को भारतीय अधिकारियों के सुपुर्द किया।

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 1, January 2023 |

विचार-विमर्श

पाकिस्तान के बार-बार वक्त बदलने के बाद आखिरकार, जांबाज विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान, हिंदुस्तान की सरजमीं पर वापस लौट चुके हैं। इन के दौरान सामने आई अभिनंदन के जज्बे, बहादुरी और हौसले में लिपटी तमाम कहानियां हर हिंदुस्तानी के सीने को फख्र से चौड़ा कर रही हैं। पाकिस्तान ने भारतीय वायु सीमा का उल्लंघन करते हुए कश्मीर के राजौरी तक अपने लड़ाकू विमान भेजे। लेकिन भारतीय वायु सेना पहले से तैयार थी। जिन भारतीय जांबाजों ने पाकिस्तानी वायु सेना का जवाब दिया उनमें से एक अभिनंदन भी थे। उन्होंने अपने मिग-21 से न सिर्फ पाकिस्तान के जंगी विमान एफ-16 से लोहा लिया बल्कि उसे मार भी गिराया। लेकिन, इस लड़ाई में उनका मिग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वो पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर भीमबेर जिले के होरान गांव में जा गिरा। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक ये करीब सुबह 8.45 का वक्त रहा होगा।

पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा- हमारी जमीं पर गिरने के बावजूद अभिनंदन ने दिखाया गजब का हौसला
इसके बाद शुरू हुआ पाकिस्तान का खेल। अभिनंदन के कुछ वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया के जरिए सामने आए। इनमें से कुछ में उनके साथ मारपीट की तस्दीक भी हुई।

दोपहर 3.15 पर भारत के विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर पायलट के 'मिसिंग इन एक्शन' यानी लड़ाई के दौरान गायब होने की बात कही। साथ ही ये भी बताया गया कि हमने पाकिस्तान का एक एफ-16 विमान मार गिराया है।[7,8]

शाम को ही अभिनंदन का एक और वीडियो सामने आया जिसमें वो पाकिस्तानी सेना के कब्जे में चाय पीते दिख रहे हैं। ये वीडियो अभिनंदन के हिम्मत और हौसले की मिसाल बन गया जिसमें वो बिना किसी शिकन या डर के पाकिस्तानी अफसर के सवालों का जवाब देते दिखे। जिस सवाल का जवाब उन्हें लगा नहीं देना है, उन्होंने नहीं दिया।

- शाम होते-होते जब ये पूरी तरह साफ हो गया कि अभिनंदन पाकिस्तानी सेना के कब्जे में है तो भारत की ओर से बेहद सख्त लहजे में पाकिस्तान को कहा गया कि वो जल्द से जल्द अभिनंदन वर्तमान को लौटाएं।
- रात होते-होते, अभिनंदन की वापसी के लिए भारत हर कूटनीतिक दरवाजे को खोल चुका था।
- गुरुवार सुबह करीब 9 बजे खबर आई कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो से फोन पर बात की।
- पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय को आपत्ति पत्र (डिमार्शे) सौंपकर विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान की तुरंत रिहाई की मांग की।
- दोपहर करीब 12 पता लगा कि पाकिस्तान अभिनंदन को लेकर ब्लैकमेलिंग के मूड में है।पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अपना पायलट ले और बातचीत शुरू करे।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि कोई अच्छी खबर सामने आने वाली है। जाहिर है, भारत का कूटनीतिक दबाव काम करने लगा था।
- पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने जियो टीवी से बात करते हुए कहा कि इमरान खान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।
- भारत ने कॉन्सुलर एक्सेस की जगह अभिनंदन की तुरंत रिहाई की मांग की।
- दोपहर करीब 3 बजे भारत ने एक बार फिर चेतावनी दी कि पाकिस्तान के साथ कोई डील नहीं की जाएगी। भारत ने दोहराया कि अभिनंदन को खरोंच भी आई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- शाम करीब 4.30 बजे- पाकिस्तान ने आखिरकार झुकते हुए कहा कि वो भारतीय पायलट अभिनंदन वर्तमान को छोड़ने को तैयार है। इस बात का एलान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने संसद के भीतर से किया।

गुरुवार शाम करीब 7 बजे भारत की तीनों सेनाओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेन्स की। इसमें पाकिस्तान के हरेक झूठ को बेनकाब किया गया। वायु सेना ने बताया बाकायदा सबूत पेश करके बताया कि हमने किस तरह पाकिस्तान के एफ-16 विमान को मार

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 1, January 2023 |

गिराने में कामयाबी हासिल की। साथ ही लक्ष्य भेदने में भी सफलता मिली। [8,9]

शुक्रवार सुबह एक बार फिर पाकिस्तान ने ड्रामेबाजी शुरू कर दी। पहले तय हुआ कि विंग कमांडर अभिनंदन को वाघा बॉर्डर पर दोपहर 2 बजे सौंपा जाएगा। लेकिन फिर खबर आई कि पाकिस्तान, उन्हें शाम को बीटिंग रिट्रीट के दौरान सौंपना चाहता है।

भारत ने पाकिस्तान को सीधे शब्दों में ये संदेश भिजवाया कि पायलट को बीटिंग रिट्रीट से पहले ही सौंप दिया जाए। इसके लिए वायु सेना के शीर्ष अधिकारियों का एक दल वाघा पहुंचा। इसके अलावा चेन्नई से अभिनंदन का परिवार और रिश्तेदार भी वाघा पहुंचे।

दिन भर वाघा बॉर्डर पर गहमा-गहमी बनी रही। पहले एक बड़ा फैसला लेते हुए भारत ने अपनी तरफ की बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी रद्द करने का एलान किया।

लेकिन पाकिस्तान ने अपनी तरफ की सेरेमनी रद्द नहीं की। इस बीच एक खबर ये भी आई कि पाकिस्तान की अदालत में अभिनंदन को भारत को सौंपने के खिलाफ अर्जी दाखिल हो गई है। कुछ पल के लिए सांसें ठहर गईं, दिल थम गए। कुछ देर में ही तस्वीर साफ हो गई इस राहत भरी खबर के साथ कि अदालत ने इस अर्जी को खारिज कर दिया है।

आखिरकार, पूरे 60 घंटे तक पाकिस्तान की जमीं पर रहने के बाद जोश, जज्बे, जांबाजी और जिंदादिली की मिसाल विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान ने स्वदेस भारत की जमीं पर कदम रखे।

## परिणाम

भारतीय सेना के नायकों को आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान कुछ वीरों को मरणोपरांत भी सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। वहीं भारतीय वायुसेना के लिए आज का दिन बेहद ही खास रहा। दरअसल, 27 फरवरी, 2019 को एक पाकिस्तानी F-16 लड़ाकू विमान को हवाई युद्ध में मार गिराने वाले ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा वीर चक्र से सम्मानित किया गया। बता दें कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के समय अभिनंदन वायुसेना में विंग कमांडर थे लेकिन अब उन्हें प्रमोट करके ग्रुप कैप्टन बना दिया गया है। गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पुलवामा पर फिदायीन हमला किया था। इस हमले में भारत के 40 जवान शहीद हो गए थे। वहीं इसके बाद पीएम मोदी ने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का एलान किया था। वायुसेना ने 26-27 फरवरी की रात पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक की थी। भारतीय सेना के हमले में 300 से ज्यादा आतंकियों की मौत हो गई थी। जिसके बाद अगले दिन ही बौखलाए पाकिस्तान की वायुसेना ने भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना ने उसे खदेड़ दिया। उसी दौरान तत्कालीन विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान उस समय Mig-21 उड़ा रहे थे। [6,7]उन्होंने इस दौरान पाकिस्तान के F-16 को मार गिराया था। हालांकि बाद में अभिनंदन का विमान पाकिस्तान की सीमा में क्रैश हो गया, जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने उन्हें अपनी गिरफ्त में ले लिया था। भारत के दबाव में पाकिस्तान ने करीब 60 घंटे बाद अभिनंदन को छोड़ा था। छोड़ने के बाद पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई थी।

## निष्कर्ष

वायुसेना के पायलट ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज प्रतिष्ठित वीर चक्र से सम्मानित किया. गौरतलब है कि वर्धमान ने फरवरी 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के समय पाकिस्तान के साथ हुई हवाई झड़प के दौरान दुश्मन के लड़ाकू विमान एफ 16 को मार गिराया था. हालांकि इस दौरान उनका मिग 21 भी गिर गया था और पाकिस्तान ने उन्हें पकड़ लिया था. पड़ोसी देश ने तीन दिनों तक अभिनंदन को बंधक बना कर रखा था, हालांकि इसके बाद उनकी सकुशल देश वापसी भी हो गई थी. उस समय अभिनंदन विंग कमांडर थे. उनके इसी जज्बे के लिए राष्ट्रपति ने आज उन्हें वीर चक्र सम्मान से नवाजा है.[9]

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 1, January 2023 |

प्रतिक्रिया दें संदर्भ

1. "विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान फिर से उड़ा सकेंगे फाइटर जेट, बस करना होगा ये काम". punjabkesari (हिन्दी भाषा में). 8 अगस्त 2019. मूल से 8 अगस्त 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि ९ अप्रैल २०२०.
2. ↑ "स्वतंत्रता दिवस पर विंग कमांडर अभिनंदन को किया जा सकता है वीर चक्र से सम्मानित". NDTVIndia (हिन्दी भाषा में). ७ अप्रैल २०२०. मूल से 17 दिसंबर 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि ९ अप्रैल २०२०.
3. ↑ Dawn.com (28 February 2019). "2 Indian aircraft violating Pakistani airspace shot down; 2 pilots arrested". DAWN.COM. मूल से 27 फ़रवरी 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 28 February 2019.
4. ↑ "Saved From Pakistani Mob, Downed Indian Pilot Becomes Face of Kashmir Crisis". The New York Times. February 27, 2019. मूल से 2 मार्च 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 1 मार्च 2019.
5. ↑ "India-Pak Tensions LIVE: IAF Wing Commander Missing After MiG-21 Crash, Pakistan Claims He is in Their Custody, Says Govt". News18. 27 February 2019. अभिगमन तिथि 28 February 2019.
6. ↑ Casiano, Louis (27 February 2019). "Pakistan may have violated Geneva Conventions after posting video of captured pilot" (English में). Fox News. मूल से 1 मार्च 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 28 February 2019.
7. ↑ "वीर चक्र से सम्मानित होंगे विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान". DD News (हिन्दी भाषा में). अभिगमन तिथि ९ अप्रैल २०२०.
8. ↑ Shah, Saeed (February 28, 2019). "Pakistan to Release Captured Indian Pilot, Easing Tensions". The Wall Street Journal. मूल से 1 मार्च 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 1 मार्च 2019.
9. ↑ "Abhinandan Varthaman's release is a big win for India - Opinion". Livemint. March 1, 2019. मूल से 1 मार्च 2019 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 1 मार्च 2019.



IJARASEM

INTERNATIONAL
STANDARD
SERIAL
NUMBER
INDIA

निस्केयर
NISCAIR

# International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management (IJARASEM)

| Mobile No: +91-9940572462 | Whatsapp: +91-9940572462 | ijarasem@gmail.com |

www.ijarasem.com